# आपके पास घर में सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है

Queensland Government

ऑस्ट्रेलिया में घरेलू और पारिवारिक हिंसा स्वीकार्य नहीं है। चाहे आप कोई भी हों या कहीं से भी आए/आई हों, घरेलू और पारिवारिक हिंसा किसी को भी प्रभावित कर सकती है और यह प्रत्येक समुदाय में उपस्थित रहती है।

**यदि आप दुर्व्यवहार के साथ जीवन जी रहे/रही हैं, या अपने ही घर में भयभीत महसूस करते/करती हैं, तो यह आपकी गलती नहीं है। आपको शर्मिंदा या परेशान महसूस नहीं करना चाहिए।**

**एक स्वस्थ संबंध भरोसेमंद, सहायतापूर्ण और सुरक्षित होता है। किसी को भी अपने परिवार में किसी दूसरे से भयभीत रहते हुए नहीं जीना चाहिए।**

**सहायता उपलब्ध है। यदि आपको सुरक्षित महसूस नहीं होता है, तो सहायता माँगना उचित है। जब आपको समर्थन की आवश्यकता हो, तो संपर्क करें:**

**आपातकाल (पुलिस या एम्बुलेंस)**
**ट्रिपल ज़ीरो (000)**
यदि कोई तत्काल खतरे में है।

**महिलाओं के लिए 24 घंटे हेल्प लाइन (डीवी कनेक्ट) (DVConnect) 1800 811 811**
घर में हिंसा का सामना करने वाली महिलाओं के लिए नि:शुल्क व गोपनीय सलाह और समर्थन।

**आप्रवासी महिला समर्थन सेवा**
**07 3846 3490**
गैर-अंग्रेज़ी भाषाई पृष्ठभूमियों से आने वाली महिलाओं के लिए परामर्श और सलाह।

**पुरुषों के लिए हेल्प लाइन (डीवी कनेक्ट) (DVConnect) 1800 600 636**
संबंधों और पारिवारिक मुद्दों का सामना करने वाले पुरुषों के लिए गोपनीय सहायता।

**लाइफलाइन**
**131 114**
यदि आप दिन या रात में किसी भी समय व्यक्तिगत संकट का सामना कर रहे/रही हैं, तो समर्थन उपलब्ध है।

Interpreter
अपनी भाषा में दुभाषिए की सुविधा के लिए **13 74 68** पर कॉल करें।

**सँस्कृति कभी भी घरेलू और पारिवारिक हिंसा के लिए बहाना नहीं होती है।**

**www.qld.gov.au/domesticviolence**

जब संबंध में रहने वाला एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को नियंत्रित करने, उसके साथ दुर्व्यवहार करने या उसे भयभीत करने के लिए अपनी शक्ति का उपयोग करता है, तो यह घरेलू और पारिवारिक हिंसा होती है। यह कई अलग-अलग प्रारूप ले सकती है और सामान्य रूप से परिवार या घरेलू संबंधों में घटित होती है।

## क्या आपका/आपकी सहजीवी, परिवार का कोई सदस्य या आपका/आपकी देखभालकर्ता निम्नलिखित में से किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार का प्रयोग करता/करती है या ऐसा करने की धमकी देता/देती है?

### वित्तीय दुर्व्यवहार

- आप जो कमाते/कमाती हैं या आपके पास जो अधिकार है (Centrelink लाभ), उसे निकाल लेता/लेती है?
- आपकी आवश्यकताओं या आपके बच्चों की आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त धन नहीं देता/देती है?
- आपके द्वारा खरीदी जाने वाली चीजों की निगरानी और नियंत्रण करता/करती है?
- आपको नौकरी हासिल करने से रोकता/रोकती है?

### शारीरिक दुर्व्यवहार

- आपको धक्का देता/देती है, मार-पिटाई करता/करती है, आपका गला दबाने की कोशिश करता/करती है, आपको लात मारता/मारती है या आपके ऊपर वस्तुएँ फेंकता/फेंकती है?
- आपको चिकित्सा या पर्याप्त भोजन और पानी प्राप्त करने से बाधित करता/करती है?

### यौन दुर्व्यवहार

- ऐसे यौन-कृत्यों के लिए आपके ऊपर जोर या दबाव देता/देती है, जो आप नहीं करना चाहते/चाहती हैं (वैवाहिक संबंध में भी)?
- यौन कृत्य न करने पर आपको नुकसान पहुँचाने की धमकी देता/देती है?

### मौखिक दुर्व्यवहार

- आपको गाली देता/देती है या आपके प्रति अपशब्दों का प्रयोग करता/करती है?
- आपको नीचा दिखाता/दिखाती है, आपकी आलोचना करता/करती है या आपको अपमानित करता/करती है, विशेषकर सार्वजनिक रूप से?

### भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार

- आपको बेकार, शर्मिंदा, असहाय, व्यथित या भयभीत महसूस कराता/कराती है?
- आपको, आपके बच्चों, परिवार के सदस्यों या पालतू जानवरों को शारीरिक रूप से नुकसान पहुँचाने की धमकी देता/देती है?
- आपका पासपोर्ट अपने पास रख लेता/लेती है या आपको ऑस्ट्रेलिया से निकाले जाने की धमकी देता/देती है?
- आपको छोड़ने या आपके बच्चों को आपसे दूर करने की धमकी देता/देती है
- आप क्या वस्त्र पहनते/पहनती हैं, क्या देखते/देखती हैं और/या पढ़ते/पढ़ती हैं, इसे नियंत्रित करता/करती है?

### साँस्कृतिक और आध्यात्मिक दुर्व्यवहार

- आपकी साँस्कृतिक या आध्यात्मिक मान्यताओं या प्रथाओं के लिए आपको शर्मिंदा महसूस कराता/कराती है?
- आपको अपनी पसंद की भाषा का उपयोग करने और साँस्कृतिक या धार्मिक कार्यक्रमों में जाने से रोकता/रोकती है?
- आपको नुकसान पहुँचाने के लिए या आपकी इच्छा के विरुद्ध आपको कार्य करने के लिए मजबूर करने के उद्देश्य से बहाने के रूप में धार्मिक या साँस्कृतिक मान्यताओं का उपयोग करता/करती है?
- दहेज न दिए जाने पर धमकियाँ देता/देती है?

### सामाजिक दुर्व्यवहार

- आप कहाँ जाते/जाती हैं या आप किससे मिलते/मिलती हैं, इसका नियंत्रण करता है या आपको घर में बंद करके अपने परिवार और दोस्तों से मिलने से रोकता/रोकती है?
- आपकी टेलीफोन कॉलों और सोशल मीडिया (जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम) की निगरानी करता/करती है?
- यदि आप किसी दूसरे से बात करते/करती हैं, तो आपके ऊपर अधिकार दर्शाता/दर्शाती है या इसके कारण उसे जलन होती है?

**यदि इनमें से कोई भी बात आपके साथ हो रही है, तो यह घरेलू और पारिवारिक हिंसा है।**